# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (22.11.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.11.2024, PAGE-04**

### त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल और बीआरएबीयू के बीच एमओयू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल के मध्य एमओयू किया गया है। एमओयू पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल के कुलपति प्रो. केशर जे.बराल एवं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया। त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में सेंटर फार इंटरनेशनल रिलेशन के निदेशक प्रो. बिनोद जोशी एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के आईक्यूएसी निदेशक प्रो.कल्याण कुमार झा का इस एमओयू में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के मध्य समन्वयन का कार्य त्रिभुवन विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. मंचला झा एवं बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. सुशांत कुमार ने किया। इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार राय ने इस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हर्ष व्यक्त किया है।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR DATE : 22.11.2024 PAGE-04**

### त्रिभुवन विवि काठमांडू के साथ बीआरएबीयू का हुआ एमओयू

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू व त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल के बीच एमओयू किया गया है. त्रिभुवन विवि के कुलपति प्रो केशर जे बराल व बीआरएबीयू के वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये. काठमांडू में सेंटर फॉर इंटरनेशन रिलेशन के निदेशक प्रो बिनोद जोशी व बीआरएबीयू के आइक्यूएसी निदेशक प्रो कल्याण कुमार झा का इस समझौते में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा.विवि के बीच समन्वयन का कार्य त्रिभुवन विवि के सहायक प्राध्यापक डॉ मंचला झा व बीआरएबीयू हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशांत कुमार ने किया. इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है. कुलपति प्रो दिनेश राय ने इस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के मध्य शोध व अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे.

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR DATE : 22.11.2024, PAGE-02**

### बीआरएबीयू का त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल के साथ शैक्षणिक समझौता

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू से शैक्षणिक समझौता किया है। इसकी एमओयू पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशर जे. बराल और बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते में त्रिभुवन विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इंटरनेशनल रिलेशन के निदेशक प्रो. विनोद जोशी और बिहार विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. कल्याण झा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। समन्वयन का कार्य सहायक प्राध्यापक डॉ. मंचला झा व हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशांत कुमार ने किया। एमओयू के अंतर्गत शोध व अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 22.11.2024, PAGE-06

## बीआरएबीयू का त्रिभुवन विवि से हुआ एमओयू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू और नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हुआ है। एमओयू पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशर जे. बराल एवं बीआरएबीयू की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया।

एमओयू के तहत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है। त्रिभुवन विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर इंटरनेशनल रिलेशन के निदेशक प्रो. विनोद जोशी व विवि के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा की इस समझौते में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 22.11.2024, PAGE-06**

## 1.25 लाख छात्रों के दाखिला का रास्ता साफ

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के सवा लाख विद्यार्थियों के नामांकन का रास्ता साफ हो गया है। स्नातक सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2023-27 के छात्रों के थर्ड सेमेस्टर में दाखिले के लिए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कुलपति से बात कर दाखिले का आदेश लिया। सेमेस्टर दो के छात्र लगभग दो महीने से दाखिले के इंतजार में थे। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि शुक्रवार से कॉलेज में पीजी सेकेंड सेमेस्टर के छात्रों का थर्ड सेमेस्टर में दाखिला होगा। कॉलेजों ने बताया कि जबतक विवि से आदेश नहीं आता हम विद्यार्थियों का दाखिला नहीं ले सकते हैं। शिक्षकों का कहना है कि छात्रों के दाखिले में देरी से उनकी पढ़ाई पीछे हो रही है। उधर, बीआरएबीयू में अगले महीने तीन लाख छात्रों का रिजल्ट जारी किया जाएगा।